संख्या—cm-564
23/12/2022

# सिक्किम में सेना के ट्रक के खाई में गिरने से 16 जवानों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत

पटना, 23 दिसम्बर 2022 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार नॉर्थ सिक्किम के जेमा में सेना के ट्रक के खाई में गिरने से 16 जवानों की मौत पर मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री ने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुये शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र इन वीर जवानों की देश सेवा और प्रतिबद्धता के लिये हमेशा आभारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

******